**भारत सरकार**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2936**
**बुधवार, 15 दिसम्बर, 2021 को उत्तर दिए जाने के लिए**

# आधुनिक स्वचालित मौसम केन्द्र

**2936. श्री सौमित्र खानः**

**क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या पश्चिम बंगाल में कोई आधुनिक स्वचालित मौसम केंद्र स्थापित किया गया है;
(ख) यदि हां, तो स्थान- वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार ने इन मौसम केंद्रों को किसानों के लिए सूक्ष्म बीमा कार्यक्रमों से जोड़ने के लिए कोई कदम उठाए हैं यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार का विचार बिष्णुपुर निर्वाचन क्षेत्र में किसी नई परियोजना को मंजूरी देने का है;
(ड.) यदि हां, तो क्या इन क्षेत्रों में मानसून के पैटर्न की प्रकृति को समझने के लिए कोई सरकारी कार्यक्रम है; और
(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(डॉ. जितेंद्र सिंह)**

(क) जी हाँ। कुल मिलाकर, पश्चिम बंगाल में 33 स्वचालित मौसम केंद्र और 35 स्वचालित वर्षा गेज स्थापित किए गए किये गये है।

(ख) पश्चिम बंगाल के स्वचालित मौसम स्टेशनों और स्वचालित वर्षा गेज स्टेशनों का विवरण क्रमशः **अनुलग्नक-I** और **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

(ग) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की किसानों के लिए सूक्ष्म बीमा कार्यक्रमों के साथ मौसम स्टेशनों को जोड़ने की कोई योजना नहीं है।

(घ) बिष्णुपुर निर्वाचन क्षेत्र को कोई नई परियोजनाएं स्वीकृत नहीं की जा रही हैं। तथापि, बांकुरा जिले में एक स्वचालित मौसम स्टेशन पहले ही स्थापित किया जा चुका है जिसमें बिष्णुपुर स्थित है। इसके अलावा, हाल ही में बांकुरा में ऊपरी वायु प्रेक्षणों का समर्थन करने के लिए एक आरएस/आरडब्ल्यू स्टेशन स्थापित किया गया है। इसके अलावा, आईएमडी अन्य स्टेशनों के साथ बिष्णुपुर को शहर विशिष्ट पूर्वानुमान जारी करता है।

(ङ)-(च) आईएमडी ने जून-जुलाई-अगस्त-सितंबर (JJAS) से दक्षिण पश्चिम मानसून मौसम के दौरान हाल के 30 वर्षों (1989- 2018) के आईएमडी के प्रेक्षण डेटा के आधार पर राज्य और जिले स्तरों पर प्रेक्षित मानसून वर्षा परिवर्तनशीलता और 29 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के परिवर्तनों का विश्लेषण किया है। प्रत्येक राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए प्रेक्षित वर्षा परिवर्तनशीलता और इसकी प्रवृत्ति पर रिपोर्ट "प्रकाशन" के तहत आईएमडी वेबसाइट (https://mausam.imd.gov.in/) के साथ-साथ आईएमडी पुणे की वेबसाइट http://www.imdpune.gov.in/hydrology/rainfall%20variability%20page/rainfall%20trend.html पर उपलब्ध है:

पिछले तीन दशकों के दौरान वर्षा के परिवर्तन और इसकी तीव्रता पर निष्कर्ष निम्नानुसार हैं:

- पांच राज्यों अर्थात उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, मेघालय और नागालैंड में हाल के 30 वर्षों की अवधि (1989-2018) के दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून वर्षा में उल्लेखनीय कमी का रूझान देखा गया है।
- अरुणाचल प्रदेश और हिमाचल प्रदेश राज्यों के साथ-साथ इन पांच राज्यों में वार्षिक वर्षा में भी महत्वपूर्ण कमी की प्रवृत्ति दिखाई देती है।
- अन्य राज्यों में इसी अवधि के दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून वर्षा में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं देखा गया।
- जिलेवार वर्षा को ध्यान में रखते हुए, देश में कई जिले हैं, जिनमें हाल के 30 वर्षों की अवधि (1989-2018) के दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून और वार्षिक वर्षा में महत्वपूर्ण परिवर्तन देखे गए हैं।
- भारी वर्षा के दिनों की आवृत्ति के संबंध में, सौराष्ट्र और कच्छ, राजस्थान के दक्षिणपूर्वी हिस्सों, तमिलनाडु के उत्तरी भागों, आंध्र प्रदेश के उत्तरी भागों और दक्षिण-पश्चिम ओडिशा के आसपास के क्षेत्रों, छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों, दक्षिण-पश्चिम मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मणिपुर और मिजोरम, कोंकण और गोवा और उत्तराखंड में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है।

अनुलग्नक-I

**पश्चिम बंगाल के स्वचालित मौसम स्टेशनों का विवरण**

| क्रमांक | राज्य | जिला | स्टेशन |
|---|---|---|---|
| 1 | पश्चिम बंगाल | बांकुरा | बांकुरा |
| 2 | पश्चिम बंगाल | बर्धमान | बर्दवान |
| 3 | पश्चिम बंगाल | भीरभूम | सूरी |
| 4 | पश्चिम बंगाल | बीरभूम | शांति निकेतन-बोलपुर_केवीके |
| 5 | पश्चिम बंगाल | कूच बिहार | पुंडीबारी |
| 6 | पश्चिम बंगाल | दार्जिलिंग | दार्जिलिंग |
| 7 | पश्चिम बंगाल | पूर्व_मेदीनीपुर | तामलुक |
| 8 | पश्चिम बंगाल | हुगली | चिनसुरा |
| 9 | पश्चिम बंगाल | हावड़ा | उलुबेरिया |
| 10 | पश्चिम बंगाल | जलपाईगुड़ी | हसीमरा |
| 11 | पश्चिम बंगाल | जलपाईगुड़ी | जलपाईगुड़ी |
| 12 | पश्चिम बंगाल | जलपाईगुड़ी | रामसाई_केवीके |
| 13 | पश्चिम बंगाल | झारग्राम | झारग्राम |
| 14 | पश्चिम बंगाल | कलिम्पोंग | कलिम्पोंग_एएमएफ़यू |
| 15 | पश्चिम बंगाल | कोलकाता | कोलकाता हवाई अड्डा |
| 16 | पश्चिम बंगाल | मालदा | रतुआ_केवीके |
| 17 | पश्चिम बंगाल | मुर्शिदाबाद | बरहामपुर |
| 18 | पश्चिम बंगाल | मुर्शिदाबाद | मुर्शिदाबाद_केवीके |
| 19 | पश्चिम बंगाल | नादिया | कल्याणी |
| 20 | पश्चिम बंगाल | नादिया | कृष्णानगरी |
| 21 | पश्चिम बंगाल | उत्तर_दिनाजपुर | रायगंज |
| 22 | पश्चिम बंगाल | उत्तरी_चौबीस परगना | अशोकनगर_केवीके |
| 23 | पश्चिम बंगाल | उत्तरी_चौबीस परगना | बशीरहाट |
| 24 | पश्चिम बंगाल | पुरुलिया | पुरुलिया (राज्य सरकार गेस्ट हाउस) |
| 25 | पश्चिम बंगाल | पुरुलिया | पुरुलिया_केवीके |
| 26 | पश्चिम बंगाल | दक्षिण_दिनाजपुर | मझियान_एएमएफ़यू |
| 27 | पश्चिम बंगाल | दक्षिणी_चौबीस परगना | बरूईपुर |
| 28 | पश्चिम बंगाल | दक्षिणी_चौबीस परगना | कैनिंग |
| 29 | पश्चिम बंगाल | दक्षिणी_चौबीस परगना | काकद्वीप |
| 30 | पश्चिम बंगाल | दक्षिणी_चौबीस परगना | निम्पिथ |
| 31 | पश्चिम बंगाल | दक्षिणी_चौबीस परगना | रैडिघी |
| 32 | पश्चिम बंगाल | दक्षिणी_चौबीस परगना | सागर_द्वीप |
| 33 | पश्चिम बंगाल | पश्चिम_मेदिनीपुर | खड़गपुर (आईआईटी कैंपस) |

अनुलग्नक- II

पश्चिम बंगाल के स्वचालित वर्षागेज स्टेशनों का विवरण (कुल: 35)

| क्र.सं. | जिला | स्टेशन |
|---|---|---|
| 1 | बांकुरा | कदमदेउली |
| 2 | बांकुरा | मुक्तमोनीपुरी |
| 3 | बांकुरा | सोनामुखी |
| 4 | बर्धमान | कटवा |
| 5 | बीरभूम | शेखमपुर |
| 6 | कूच_बिहार | दिनहाता |
| 7 | कूच_बिहार | माथाभांगा |
| 8 | कूच_बिहार | मेखलीगंज |
| 9 | कूच_बिहार | तूफ़ानगंज |
| 10 | दार्जिलिंग | ख़रीबारी |
| 11 | कलिम्पोंग | पेडोंग |
| 12 | दार्जिलिंग | सिलीगुड़ी |
| 13 | हुगली | धनियाखली |
| 14 | हावड़ा | जगतबल्लवपुरी |
| 15 | अलीपुरद्वारी | अलीपुरद्वारी |
| 16 | जलपाईगुड़ी | चेंगमारी चाय |
| 17 | जलपाईगुड़ी | जयंती |
| 18 | जलपाईगुड़ी | महुआ_टी_इस्टेट |
| 19 | जलपाईगुड़ी | मैनागुरी |
| 20 | जलपाईगुड़ी | मालबाजार |
| 21 | मालदा | रतुआ |
| 22 | नादिया | चकदाही |
| 23 | नादिया | देवग्राम |
| 24 | उत्तरी_दिनाजपुर | चोपड़ा |
| 25 | उत्तरी_दिनाजपुर | इटाहारी |
| 26 | उत्तरी_चौबीस परगना | बैरकपुर |
| 27 | उत्तरी_चौबीस परगना | देगांगा |
| 28 | पुरुलिया | झालदा |
| 29 | पुरुलिया | कोटशिला |
| 30 | दक्षिणी_दिनाजपुर | गंगारामपुर |
| 31 | दक्षिणी_चौबीस परगना | अलीपुर |
| 32 | उत्तरी_चौबीस परगना | सीजीडब्ल्यूबी बिधाननगर |
| 33 | कोलकाता | ला मार्टिनियर कोल |
| 34 | कोलकाता | ओएचआर_15 |
| 35 | कोलकाता | ओएचआर_10 |